**सं.ए-12025/1/2012 -प्रशासन -I**

**भारत सरकार**

**योजना आयोग**

योजना आयोग में उपसलाहकार उपसलाहकार (उर्जा सर्वेक्षण) के एक पद पर पदोन्नति / प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (अल्पावधि अनुबंध सहित ) आधार पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त अधिकारी की सेवाओं की आवश्यकता है । पद का चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाएगा ।

**पद से संबंधित पात्रता शर्तों आदि का विवरण :-**

1. **वेतनमान** : पे बैंड:3 में रूपये 15600-39100 +7600 (ग्रेड पे)

2. **पद से संबंधित कार्य** :

**उप सलाहकार (उर्जा सर्वेक्षण)**

योजना आयोग में शक्ति तथा उर्जा विभाग के सलाहकार/संयुक्त सलाहकार को उर्जा से संबंधित क्षेत्र में नीति निर्धारण में नवीनतम ट्रेंड / विकास में सहायता करना तथा उर्जा से संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान / डिजाइन / विकास / सर्वेक्षण योजना में व्याहारिक स्तर में सहायता करना । वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी तथा उससे नीचे के अधिकारियों को उर्जा से संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान तथा जांच सें संबंधित समस्याओं में मार्गदर्शन करना ।

3. **पात्रता :**

(i) **प्रतिनियुक्ति हेतु :**
केन्द्र सरकार / राज्य सरकारें / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/ विश्वविद्यालयों / मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं / सार्वजनिक उपक्रमों के अंतर्गत नियमित आधार पर समान पद धारण करने वाले अधिकारियों अथवा जिन्होंने पूर्व संशोधित 10000-325-15200 रू0 के वेतनमान अथवा समकक्ष में 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो तथा पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखते हों जैसाकि नीचे मद सं0 6 के सामने दर्शाया गया है ।

(ii) **पदोन्नति हेतु :**
योजना आयोग के वे विभागीय वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी जिन्होंने नियमित आधार पर अपनी निगुक्ति के बाद दिए गए ग्रेड में - 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो तथा प्रत्येक पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएँ और अनुभव जैसा कि नीचे मद सं6 के सामने इंगित है , रखते हों ।

4. **आयु सीमा :**

प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (अल्पावधि अनुबंध सहित ) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा पात्रता हेतु निर्णायक तिथि जैसा की नीचे मद सं 5 के सामने इंगित है,को 56 वर्ष से अधिक न हो ।

5. **पात्रता निर्धारित करने हेतु तिथि :**

रोजगार समाचार में इसके छपने की तारीख के हिसाब से आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी ।

[अभ्यर्थी जो प्रतिनियुक्ति ( अल्पावधि अनुबंध सहित ) आधार पर आवेदन करता है , के आवेदन के साथ पृथक रूप से संलग्न करने हेतु आवश्यक विभिन्न प्रमाण पत्रों का प्रारूप ]

## सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र

डा0 / श्री / श्रीमति / सुश्री ------------------------------------------------------------------, ------------------------------------ ------------------------------------------------------------------------------जिन्होंने योजना आयोग में प्रतिनियुक्ति आधार पर स्थानांतरण पर उप सलाहकार (----------------------------) के पद के लिए आवेदन किया है, यह प्रमाणित किया जाता हे कि उनकी सत्यनिष्ठा पर कोई संदेह नहीं है ।

(उपसचिव या ऊपर के पद के अधिकारी
द्वारा हस्ताक्षरित )
नाम एवं कार्यालय मोहर ;
दिनांक;......................

## सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डा0 / श्री / श्रीमति / सुश्री ------------------------------------------------,-------------------- ------------------------------------------------जिन्होंने योजना आयोग में प्रतिनियुक्ति आधार पर स्थानांतरण पर उप सलाहकार(------------------------------------------------) के पद के लिए आवेदन किया है , के विरूद्ध कोई सतर्कता मामला या अनुशासनात्मक कार्यवाई या आपराधिक कार्यवाई न तो चल रही है न विचारित है ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
नाम एवं कार्यालय मोहर;
दिनांक ;.................

## कोई दण्ड नहीं प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डा0 /श्री / श्रीमति / सुश्री ----------------------------------------,------------------------------ ------------------------जिन्होंने योजना आयोग में प्रतिनियुक्ति आधार पर स्थानांतरण पर उप सलाहकार (---------------) के पद के लिए आवेदन किया है, पर पिछले दस वर्षों के दौरान कोइ लघु / मुख्य दण्ड नहीं लगाया गया है ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
नाम एवं कार्यालय मोहर;
दिनांक ;..................

*********

